# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-4" के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/''शक्ति दीदी'' द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

"मिशन शक्ति अभियान-4" व ''शक्ति दीदी'' अभियान के तहत आज दिनांक 14.07.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया। महिलाओं/बालिकाओँ को "मिशन शक्ति" व ''शक्ति दीदी'' के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई। इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है। इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया। इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की

**(2).** आज दिनाँक 14.07.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृण बनाये रखने हेतु थाना/चौकी प्रभारियो द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया। पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सरकारी शराब की दुकानों को चेक किया गया एवं 02/04 पहिया वाहनों की चेकिंग की गयी।

**(3).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री मेवालाल मौर्य तथा उनकी टीम द्वारा अभियुक्त जगदीश निषाद पुत्र स्व0 चुनकू उर्फ पूरन निषाद निवासी लुसरियन थाना नयागांव जनपद सतना म0प्र0 को 10 लीटर देशी शराब महुआ व अभियुक्त मनोज पुत्र गरीबदास उर्फ मिर्चाई लाल निवासी मुसरियाना थआना नयागांव जनपद सतना म0प्र0 को 08 लीटर कच्ची देशी शराब महुआ के साथ गिरफ्तार किया गया । अभियुक्तों के विरुद्ध थाना कोतवाली कर्वी में धारा 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया ।

**बरामदगीः-**

18 लीटर कच्ची देशी शराब महुआ

**गिरफ्तारी करने वाली टीमः-**

1.उ0नि0 श्री मेवालाल मौर्य चौकी सीतापुर

2.आरक्षी अतुल परिहार

3.आरक्षी नागेश कुमार

4.आरक्षी लल्लू प्रसाद

5. आरक्षी अमर सिंह

**(4).** आज दिनांक 14.07.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में मोहर्रम त्यौहार को देखते हुये सुरक्षा के दृष्टिगत प्रभारी सर्विलांस/एसओजी श्री एम.पी. त्रिपाठी के नेतृत्व में सर्विलांस टीम द्वारा कर्वी शहर के लक्ष्मणपुरी,एलआईसी तिराहा,कालीदेवी चौराहा,भगवानदीन,धनुष चौराहा आदि विभिन्न स्थानों पर ड्रोन कैमरे से निगरानी की गयी ।

**(5).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने 03 वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार किया ।

(क). उ0नि0 श्री श्यामदेव सिंह हमराह आरक्षी शिवपूजन यादव द्वारा मु0सं0 2636/21 धारा 138 एनआई एक्ट के वारण्टी अभियुक्त मिलन सिंह पुत्र राजेन्द्र मौर्य निवासी चकरेही चौराहा रामजानकी मंदिर के सामने थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया ।

(ख). उ0नि0यू0टी0 श्री प्रखर सिंह हमराह आरक्षी नरेन्द्र कुमार द्वारा मु0नं0 4031/20 धारा 279,337,338,304ए भादवि0 के वारण्टी अभियुक्त सूरज पाल पुत्र नर्बद निवासी पथरौड़ी चौकी शिवरामपुर थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

(ग). उ0नि0 श्री रविकान्त राय व उ0नि0 अरविन्द सिंह मय हमराह आरक्षी सूरज निर्मल द्वारा मु0न0 78/2020 अ0सं0 40/15 धारा 279,337,338,304ए,427 भादवि0 के वारण्टी अभियुक्त चन्द्रमोहन पुत्र भोल प्रसाद निवासी इटवा थाना रैपुरा जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

**(6).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्रीमती रीता सिंह के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री सुरेश प्रताप सिंह द्वारा चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुये 01 चोर को चोरी के मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय की दिनांक 11.07.2024 को श्री बनवारी पुत्र छोटा निवासी सालिकपुर थाना पहाड़ी जनपद चित्रकूट द्वारा थाना स्थानीय में सूचना दी गयी कि दिनांक 06.07.2024 को अभियुक्त अनूप पुत्र अजय द्वारा घर में घुस कर घर में रखा मोबाइल व 30000 हजार रूपये चोरी कर ले गया। इस सूचना पर थाना पहाड़ी में मु0अ0सं0 131/2024 धारा 331(4),305 बी0एन0एस0 बनाम अनूप पुत्र अजय निवासी ग्राम सालिगपुर थाना पहाड़ी जनपद चित्रकूट पंजीकृत किया गया। प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी द्वारा घटना का संज्ञान लेकर उ0नि0 सुरेश प्रताप सिंह को घटना के अनावरण हेतु लगाया गया। आज दिनांक 14.07.2024 को उ0नि0 श्री सुरेश प्रताप सिंह तथा उनकी टीम द्वारा अथक प्रयास करते हुए मुखविर की सूचना पर अभियुक्त को जयचन्द सिंह महाविद्यालय सालिगपुर थाना पहाड़ी जनपद चित्रकूट के पास से पकड़ लिया गया। अभियुक्त अनूप पुत्र अजय निवासी ग्राम सालिगपुर थाना पहाड़ी जनपद चित्रकूट को चोरी के मोबाइल एन्ड्राइड मोबाइल नारजो रियलमी व जामा तलाशी से 90 रूपये के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं चोरी के माल बरामदगी की के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बी0एन0एस0 की बढ़ोतरी की गयी।

**अभियुक्तों का विवरणः-**

अनूप पुत्र अजय निवासी ग्राम सालिगपुर थाना पहाड़ी जनपद चित्रकूट

**बरामदगीः-**

चोरी मोबाइल एंड्राइड रियलमी नारजो

**गिरफ्तारी करने वाली टीमः-**

1.उ0नि0 श्री सुरेश प्रताप सिंह थाना पहाड़ी

2.आरक्षी शुभम द्विवेदी

**(7).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपहृतों/गुमशुदा के बरामदगी हेतु चलाये जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्री विनोद कुमार शुक्ल के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री मुकेश सिंह परिहार तथा उनकी टीम द्वारा मु0अ0सं0 114/2024 धारा 363,366ए भा0द0वि0 से सम्बन्धित अपहृता को सकुशल बरामद करते हुये अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि दिनाँक 22.06.2024 को वादिया द्वारा थाना मानिकपुर में सूचना दी कि उनकी नाबालिग पुत्री को समीर खटीक पुत्र बब्लू सोनकर नि0 कल्याणकेन्द्र के पास शिवनगर कस्बा व थाना मानिकपुर जनपद चित्रकूट। बहला फुसलाकर भगा ले गया है। इस सूचना पर थाना मानिकपुर में मु0अ0सं0 114/2024 धारा 363,366ए भा0द0वि0 बनाम समीर खटीक पुत्र बब्लू सोनकर नि0 कल्याणकेन्द्र के पास शिवनगर कस्बा व थाना मानिकपुर जनपद चित्रकूट उपरोक्त पंजीकृत किया गया। प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर द्वारा बालिका की बरामदगी एवं अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु उ0नि0 श्री मुकेश सिंह परिहार को लगाया गया। उ0नि0 श्री मुकेश सिंह परिहार तथा उनकी टीम

द्वारा अथक प्रयास करते हुये मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अपहृता को सकुशल बरामद करते हुये अभियुक्त समीर खटीक पुत्र बब्लू सोनकर उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया। अग्रिम कार्यवाही तक बरामद अपहृता को वन स्टॉप सेन्टर में रखवाया गया।

**<u>बरामदगी/गिरफ्तारी करने वाली टीमः-</u>**

1. उ0नि0 श्री मुकेश सिंह परिहार थाना मानिकपुर
2. आऱक्षी भाष्कर शुक्ला
3. महिला आरक्षी अन्शू सैनी